दिन– मंगलवार दिनांक– 06 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह सचिव नागरिक सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल पर बिहार समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक करेंगे।

02. पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया।

03. कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत। दो घायल।

04. और, चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में देर रात हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया समेत आठ जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

गृह मंत्रालय ने राज्यों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है। देश के दो सौ चौवालीस वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला किया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है।

———बाईट———

इधर, पहलगाम आमंकी हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों सहित सार्वजनिक और संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश भी दिये हैं। एडीजी, विधि व्यवस्था पंकज दरार ने सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और रेल एसपी को पत्र भेजकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अफवाहों को लेकर सतर्कता बरतने के साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी करने को कहा है।

———————————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान एयर एंबुलेंस की तैनाती और एयर ड्रॉपिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने इस संबंध में

अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि चुनाव के दौरान हिंसा के शिकार हुये लोगों को तत्काल इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही दूर–दराज के इलाकों में मतदान कर्मियों और मतदान सामग्री को भेजने के लिए एयर ड्रॉपिंग के तहत हेलीकॉप्टर की सेवा उपलब्ध करायी जायेगी।

———————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे दिन आज हॉकी, टेबल टेनिस, साइक्लिंग और रग्बी जैसे खेल आयोजित किए जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ी कई स्पर्धाओं में शामिल होंगे।

———बाइट———

इधर, प्रतियोगिता में तीरंदाजी में स्वर्ण सहित अन्य पदकों के लिए मुकाबले तय हो गये हैं। तीरंदाजी की चार अलग–अलग स्पर्धाओं में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक के लिए क्वालीफाई किया है। खेलो इंडिया युवा खेलों में कर्नाटक चार स्वर्ण और पांच रजत पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। दिल्ली दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ दूसरे जबकि राजस्थान दो स्वर्ण सहित तीन पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

———————————————————————————

दूर संचार विभाग ने कहा कि सड़क की खुदाई से पहले एप पर सूचना नहीं देने वाले विभाग और एजेंसियों पर कार्रवाई की जायेगी। दूर संचार विभाग के उपमहानिदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि ऐसे विभाग और एजेंसियों के खिलाफ पचास लाख रूपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को परेशानी और नुकसान से बचाने के लिए विभाग ने **कॉल बिफोर यू डिग**– सीबीयूडी एप बनाया है, जिसपर खुदाई से जुड़ी सूचना देना अनिवार्य है। श्री कुमार ने कहा कि बिना सूचना की खुदाई की शिकायत के बाद विभाग ने कई एजेंसियों और विभागों को इस संबंध में नोटिस भी भेजा है।

———————————————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित नीट यूजी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समस्तीपुर पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि बेगूसराय जेल में पदस्थापित डॉक्टर रंजीत कुमार की गिरफ्तारी हुई है। उसके पास से कई छात्रों के प्रवेश पत्र बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक अन्य आरोपी दरभंगा का रामबाबू मलिक है। इन दोनों पर

परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बिठाने का आरोप है। वहीं, अररिया में टेलीग्राम चैनल बनाकर नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने के आरोप में एक मेडिकल छात्र को गिरफ्तार किया गया है। आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू के अनुसार छात्र यूपीआई के जरिये ठगी कर रहा था।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से तृतीय अध्यापक नियुक्ति परीक्षा टीआरई–थ्री के तहत चयनित चौबीस हजार से अधिक शिक्षकों को विद्यालय आवंटित कर दिये गये हैं। शिक्षा विभाग ने चौदह जिलों में इन शिक्षकों की तैनाती से जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। शिक्षकों को पन्द्रह मई तक योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये। कटिहार सदर के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सतहत्तर पर दियारा चांदपुर के पास देर रात चार पहिया वाहन और ट्रैक्टर के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में यह हादसा हुआ। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन में सवार सभी व्यक्ति एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्णियां जिले के बड़हरा कोठ से कटिहार के कोसकीपुर गांव जा रहे थे।

———————————————————————————

चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में कल देर रात हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, मसौढ़ी और पालीगंज इलाके में ओलावृष्टि के भी समाचार है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अरवल जिले में कलेर प्रखंड के दिल्लू बीघा गांव में वज्रपात की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत आठ जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान औसत तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी और गोपालगंज प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे।

———————————————————————————

अभी–अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने अगले दो –तीन घंटों के दौरान समस्तीपुर, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और सहरसा जिले के कुछ भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

———————————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रदेश की नदियों के तटबंधों का निरीक्षण कर उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिये हैं। बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की बैठक में श्री चौधरी ने अभियंताओं को बाढ़ से पहले संवेदनशील क्षेत्रों में मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने अधिकारियों को बाढ़ की आशंका को कम करने के लिए नदियों से गाद हटाने के भी निर्देश दिये।

———————————————————————————

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार समेत ग्यारह राज्यों के मुख्य सचिवों को लू के मद्देनजर तत्काल ऐहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। इसके अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघरों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने के साथ ही लू से निपटने की कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गयी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष दो हजार अठारह से दो हजार बाईस के बीच गर्मी और लू की वजह से लगभग चार हजार लोगों की मौत हुई थी।

———————————————————————————

आज जानकी नवमी है। माता जानकी की प्राकट्य दिवस के अवसर के अवसर पर यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में कई आयोजन किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सीतामढ़ी में आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव की शुरूआत हो रही है। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

रेलवे ने गर्मियों की छुट्टी के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुये कई विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिरोजपुर कैंट–पटना स्पेशल ट्रेन कल से बारह जुलाई तक प्रत्येक बुधवार और शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन पटना से फिरोजपुर कैंट के लिए आठ मई से तेरह जुलाई तक प्रत्येक गुरूवार और रविवार को प्रस्थान करेगी। वहीं, नई दिल्ली–गया–शेखुपरा सुपरफास्ट

स्पेशल ट्रेन कल दिल्ली से रवाना हुई। यह ट्रेन ग्यारह जुलाई तक सप्ताह में दो दिन चलेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में परिवार नियोजन की योजनाओं को लागू करने में अररिया जिला शीर्ष पर है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए जारी रैंकिंग में खगड़िया दूसरे और मुंगेर जिला तीसरे स्थान पर है।

———————————————————————————

आज विश्व अस्थमा दिवस है। अस्थमा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और इसे रोकने के मकसद से प्रति वर्ष मई महीने के पहले मंगलवार को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– सांस द्वारा उपचार सभी के लिए सुलभ बनाना। चिकित्सकों के अनुसार बढ़ता प्रदूषण अस्थमा का एक प्रमुख कारण है। एक आंकड़े के अनुसार प्रदेश में लगभग पैंतीस लाख से अधिक लोग अस्थमा से पीड़ित हैं।

———————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों में लापरवाही करने और दाखिल – खारिज में मनमानी करने के मामले नरपतगंज प्रखंड के पिठौरा के राजस्व कर्मचारी रविन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने गृह मंत्रालय के हवाले से लिखा है– जंग से जूझने के लिए हर शहर होगा तैयार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– शिक्षकों को वेतन में देरी पर नपेंगे डीईओ–डीपीओ।

दैनिक भास्कर ने लीची कारोबार से जुड़ी खबर को तरजीह देने हुये लिखा है– मुजफ्फरपुर से पहली बार मुम्बई के लिए चलेगी लीची स्पेशल ट्रेन, रोज यहां से एक सौ अड़तीस टन लीची भेजी जायेगी।

प्रभात खबर ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बिहार की टीम ने कबड्डी और गतका में गोवा को एक तरफा हराया।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– आतंक के खिलाफ जंग में मिला रूस का साथ।

आज अखबार की सुर्खी है– वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय गृह सचिव नागरिक सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल पर बिहार समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक करेंगे।

02. पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया।

03. कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत। दो घायल।

04. और, चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में देर रात हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया समेत आठ जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।